# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 30 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


12 एलएफटी व केएफटी की जांच बंद, मरीजों को हो रही परेशानी






12 झमाझम बारिश से मौसम खुशगवार




## सभी कार्यालय होंगे एक छत के नीचे, 70 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा

# हाईटेक इमारत के कार्य में तेजी चार सदस्यीय कमेटी गठित

नगर निगम की इमारत को लेकर गठित की गई है कमेटी, ग्रीन बिल्डिंग का होगा कांसेप्ट

52 करोड़ से 58 करोड़ हो गई थी लागत, अब मांगें गए और 30 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत की वर्षों से अधूरी पड़ी नगर निगम की हाईटेक इमारत एक बार फिर चर्चा में है। सेक्टर-3 में बन रहे इस भवन को अब दोबारा गति देने की तैयारी शुरू हो चुकी है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है, जो निर्माण स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपेगी।

निर्माण की निगरानी के लिए गठित कमेटी में गुरुग्राम के मुख्य अभियंता विजय ढाका को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। उनके साथ पानीपत के अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया और गुरुग्राम के कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण सदस्य होंगे। मेयर राजीव जैन और आयुक्त हर्षित कुमार ने 21 मई को खुद मौके पर जाकर निरीक्षण किया था और अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्माण कार्य को दोबारा शुरू करने पर विस्तृत चर्चा की थी। अब उम्मीद है कि यह बहुप्रतीक्षित भवन जल्द ही आकार लेगा और शहर को एक नई पहचान देगा।



सोनीपत। नगर निगम की निर्माणाधीन हाईटेक इमारत।

### सभी विभाग एक ही छत के नीचे

भवन के प्रथम तल पर मेयर, डिप्टी मेयर और पार्षदों के कार्यालय होंगे। इसी तल पर एक आधुनिक कैफे और आईटी विंग भी बनेगी। दूसरे फ्लोर पर एसई, टैक्स ब्रांच और ऑडिट विंग, तीसरे पर इंजीनियरिंग ब्रांच और पांचवें फ्लोर पर आयुक्त, संयुक्त आयुक्त तथा एक आधुनिक पुस्तकालय और डिजिटल कॉन्फ्रेंस रूम प्रस्तावित हैं। यह डिजिटल कॉन्फ्रेंस रूम अधिकारियों को कार्यालय से ही मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद की सुविधा देगा।

### अधूरी पड़ी है 5 एकड़ में फैली यह परियोजना

इस बहुमंजिला भवन की नींव वर्ष 2017 में रखी गई थी और 2018 में निर्माण शुरू हुआ। महज 21 महीनों में तैयार होने वाली इस इमारत पर शुरुआती लागत 52.70 करोड़ रुपये तय की गई थी, जो बाद में बढ़कर 58 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि अब तक 70 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है और निर्माण पूरा करने के लिए 30 करोड़ रुपये और मांगे गए हैं। पूर्व में ठेकेदार की मनमानी और कोरोना के चलते निर्माण में लगातार बाधाएं आती रहीं। इस बीच मामला मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की नजर में भी आया और जांच की गई।

### अब बदलेगी इमारत की शक्ल और सोच

इस बहुमंजिला भवन की नींव वर्ष 2017 में रखी गई थी और 2018 में निर्माण शुरू हुआ। महज 21 महीनों में तैयार होने वाली इस इमारत पर शुरुआती लागत 52.70 करोड़ रुपये तय की गई थी, जो बाद में बढ़कर 58 करोड़ रुपये हो गई। हालांकि अब तक 70 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है और निर्माण पूरा करने के लिए 30 करोड़ रुपये और मांगे गए हैं। पूर्व में ठेकेदार की मनमानी और कोरोना के चलते निर्माण में लगातार बाधाएं आती रहीं। इस बीच मामला मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की नजर में भी आया और जांच की गई।

### अब नहीं रुकेगा निर्माण : मेयर

मेयर राजीव जैन ने कहा कि यह भवन सोनीपत की जरूरत है और इसकी अधूरी स्थिति जनता की उम्मीदों पर पानी फेर रही थी। अब विभागीय स्तर पर कदम उठाए जा चुके हैं और निर्माण शीघ्र शुरू होगा। वहीं आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि शेष कार्यों में लिफ्ट, सोलर प्लांट, एसटीपी, टाइलें, बागवानी और विद्युत-संबंधी काम शामिल हैं। कमेटी की रिपोर्ट आते ही आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### कमेटी में इन अधिकारियों को किया शामिल

नगर नगर गुरुग्राम के मुख्य अभियंता विजय ढाका को कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। पानीपत नगर निगम के अधीक्षण अभियंता पुनीत कुमार, कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया और गुरुग्राम नगर निगम के कार्यकारी अभियंता सुंदर श्योराण को सदस्य नियुक्त किया है। यह कमेटी अधूरे पड़े भवन के निर्माण को पूरा करने के लिए काम करेगी। इसकी जांच रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय भेजेगी।

### अब बदलेगी इमारत की शक्ल और सोच

निगम की योजना है कि यह भवन पूरी तरह ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर आधारित हो, जो दिल्ली के इंदिरा पर्यावरण भवन की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। इसमें सौर ऊर्जा से चलने वाली लिफ्ट, स्वचलित सीढ़ियां, वर्षा जल संचयन प्रणाली, आधुनिक पार्किंग और डिजिटलीकृत ऑफिस सिस्टम शामिल होंगे। बेसमेंट में 108 और ग्राउंड फ्लोर पर 60 वाहनों की पार्किंग व्यवस्था होगी। नागरिक सुविधा केंद्र और कैंटीन भी यहीं प्रस्तावित हैं।

## खबर संक्षेप

### घर में आग लगने से किशोर की मौत

**सोनीपत।** कुंडली की प्याउ मनियारी स्थित हर्षवर्धन कालोनी में गत सोमवार देर शाम आग लगने से 14 साल के किशोर की उपचार के दौरान मौत हो गई। जबकि 13 साल की मौसेरी बहन बुरी तरह से झुलस गई। जिसका उपचार चल रहा है। आग लगने से घर पर मौजूद चार बच्चे अंदर फंस गए थे। जिसमें से दो को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। आग लगने की वजह से घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### महिला की हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा

**सोनीपत।** बरोदा थाना क्षेत्र में चुनरी से गला दबाकर महिला की हत्या करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषी उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत दोषी पर लगाए गए दुष्कर्म के आरोप सिद्ध नहीं हो सके, जिससे इस आरोप में वह बरी हो गया।

### दोस्त की दुकान पर बैठे युवक की मौत

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र के गांव बारोटा में दोस्त की दुकान पर आए युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने विसरा सैंपल जांच के लिए भेजा है। जिसमें युवक की मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### पुलिस ने आरोपित को कार समेत किया काबू

**गोहाना।** गांव बिचपड़ी में पेट्रोल पंप पर एक युवक आल्टो में 300 रुपये का पेट्रोल भरवाया और बिना भुगतान के कार भगा ले गया। पंप मालिक ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी। सदर थाना पुलिस ने आरोपित को कार समेत गिरफ्तार कर लिया।

### किराए पर ली कार से बरामद हुई शराब

**खरखौदा।** दिल्ली निवासी युवक द्वारा किराये पर ली गई क्रेटा कार समय पर न लौटाने पर जब गाड़ी मालिक ने जीपीएस से ट्रैक कर लोकेशन देखी तो गाड़ी शराब से भरी हालत में खरखौदा के कुलदीप नगर में मिली। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसने मौके पर पहुंचकर गाड़ी कब्जे में ली और शराब जब्त की। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के सरकोनी गांव निवासी रुद्र प्रताप चोबे ने नोएडा में किराये की गाड़ियों की कंपनी खोली है।

## एचटेट परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क 42 केंद्रों पर 26 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी की ओर से 30-31 जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सोनीपत जिले में 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां तीन चरणों में कुल 26 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा के सफल आयोजन के लिए जिन शिक्षण संस्थानों को केंद्र बनाया गया है, उनमें दोनों दिन अवकाश घोषित किया गया है। परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को मूल पहचान पत्र के साथ प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। केंद्र पर जैमर्स, सीसीटीवी, बायोमेट्रिक उपस्थिति व मेटल डिटेक्टर जांच की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने केंद्रों की निगरानी के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर व संस्थान प्रबंधन को जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही, प्रदेशभर में 220 उड़नदस्ते परीक्षा की निगरानी करेंगे। परीक्षा वाले दिन केंद्रों पर धारा 163 लागू रहेगी। बिना ड्यूटी के किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा और केंद्र के 200 मीटर क्षेत्र में पांच से अधिक लोगों की भीड़, हथियार या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### परीक्षा कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा

30 जुलाई (**PGT**) : शाम 3 बजे से 5:30 बजे तक, 7191 अभ्यर्थी

31 जुलाई (**TGT**) : सुबह 10 से 12:30 तक, 12504 अभ्यर्थी

31 जुलाई (**PRT**) : शाम 3 से 5:30 तक, 6305 अभ्यर्थी

## अवैध पार्किंग: खरखौदा बहादुरगढ़ मार्ग पर यातायात प्रभावित



खरखौदा। सड़क मार्ग पर लगी वाहनों की कतार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

क्षेत्र में औद्योगिकीकरण के चलते खरखौदा - बहादुरगढ़ मार्ग पर दो कंपनियां स्थापित हो चुकी हैं। उनमें कार्यरत कर्मचारियों को लेकर जो बसें आती हैं, कंपनी ने अभी तक उनकी पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की है और जो प्राइवेट पार्किंग है उसका वह लाभ नहीं लेना चाहते हैं। जिसके कारण वाहन चालक अपनी बसों को मुख्य मार्ग पर ही खड़ा कर रहे हैं, जो जाम का कारण बन रही है। यही नहीं वाहन चालक रोजाना प्राइवेट बस संचालकों से बहस करते नजर आते हैं। जिससे यहां पर कभी कभी झगड़ा होने की संभावना बनी रहती है। राहगीर सुबह जब अपनी ड्यूटी पर निकलते हैं, इस दौरान यह जाम की स्थिति बन जाती है। जिससे आसपास के करीब 8-10 गांव के लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। उधर, एसडीएम डॉ निर्मल नागर से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। अगर कंपनी अवैध रूप से पार्किंग में गाड़ियों को खड़ी कर रही है, तो उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाएगा।

## ऑनलाइन तबादला पॉलिसी की प्रतियां फूंकी

- ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर यूनियन के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना




गोहाना। प्रदर्शन करते हुए बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

मंगलवार को शहर में बरोदा रोड स्थित सिटी सब डिविजन कार्यालय में बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन करके मॉडल ऑनलाइन तबादला पॉलिसी की प्रतियां फूंकी। ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में सब डिवीजन कार्यालयों पर प्रदर्शन किए गए। इसी क्रम में गोहाना में कर्मचारियों ने प्रदर्शन करके प्रतियां फूंकी। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन की गोहाना सब डिवीजन इकाई के सचिव जितेंद्र शर्मा ने की व संचालन वीरेंद्र चोपड़ा ने किया।

मुख्य वक्ता यूनियन की राज्य कमेटी के नेता सुरेश यादव ने कहा कि राज्य कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को पूरे प्रदेश में सभी सब डिविजनों पर मॉडल ऑनलाइन तबादला पॉलिसी की प्रतियां जलाई गई।

इस संदर्भ में 5 अगस्त को सभी कार्यकारी अभियंताओं के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजली मंत्री व हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे। यादव ने कहा कि ऑनलाइन तबादला पॉलिसी को रद किया जाए, 120000 कच्चे कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी दी जाए, बिजली कर्मचारियों को 5 हजार रुपये महीना जोखिम भत्ता दिया जाए।

पुरानी पेंशन बहाल की जाए, एक्सग्रेशिया पॉलिसी को दुरुस्त किया व पक्का होने तक कच्चे कर्मचारियों को काम के बदले समान वेतन दिया जाए। प्रदर्शन में प्रदीप दूहन, मनजीत, कश्मीर, भगत सिंह, अमित, रामधन, सत्यवान, जितेंद्र, जोगिंदर व नीरजा शर्मा सहित कर्मचारी शामिल रहे।

## नालों की सफाई में खानापूर्ति, 7 लाख की लागत पर भी जलभराव, लोग को उठानी पड़ रही परेशान

- जनस्वास्थ्य विभाग ने करवाई थी सफाई, लोग हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। नगरपालिका रोड पर सफाई के बावजूद गंदगी से अटा पड़ा नाला, सफाई में खानापूर्ति होने से बरसात के बाद ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा नालों का पानी।

शहर में नालों की सफाई को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बरसात के मौसम में जहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए, वहीं विभाग की लापरवाही के चलते लोगों को जलभराव की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। सोमवार को महज 8 एमएम बारिश में ही कई क्षेत्रों में नाले ओवरफ्लो हो गए, जिससे साफ हो गया कि सफाई कार्य सिर्फ खानापूर्ति तक सीमित रह गया है। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 लाख रुपये की लागत से शहर के विभिन्न नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे मेल नहीं खा रही। नपा रोड, जनता स्कूल रोड, रेलवे रोड जैसे मुख्य मार्गों पर जलभराव की स्थिति बनी, जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि नालों की समय पर और समुचित सफाई नहीं की गई, जिससे बरसात में नाले चोक हो गए। उनका कहना है कि सफाई कार्य पारदर्शी नहीं है और ठेकेदारों द्वारा केवल दिखावटी सफाई की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सफाई कार्यों की जांच हो और दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

### जहां जरूरत नहीं वहां सफाई नही करवाई : जेई

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई बसंत कुमार ने स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जहां जरूरत नहीं है, वहां नालों की सफाई नहीं की जा रही। जबकि बाकी जगहों पर सही ढंग से सफाई का कार्य हो रहा है।

### शहर के मुख्य नालों की नही हुई अब तक सफाई

अब तक बरसात के पानी की निकासी के लिए मुख्य नाले माडल संस्कृति स्कूल के साथ-साथ व ईदगाह रोड पर नही हुई है। इसके अलावा नगरपालिका रोड व बादशाही रोड पर भी खानापूर्ति की गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 25 वर्षीय युवक की मौत

- पुलिस में शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया
- मृतक की मौत के कारणों का नहीं हो सका खुलासा, शिनाख्त में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राई थाना क्षेत्र के गांव बढ़ मालिक के पास संदिग्ध हालत में युवक का शव मिला। राहगीर की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने अपने स्तर पर मृतक की शिनाख्त के प्रयास आसपास के क्षेत्र में किए, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को शवगृह में रखवाया है। शिनाख्त के बाद आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि गांव बढ़ मालिक के पास युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहां वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित करके शव को कब्जे में लिया गया। प्राथमिक जांच में पाया कि मृतक के नाक से खून बह रहा है। उसकी संदिग्ध हालत में मौत हुई है। मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्र में प्रयास किए, लेकिन कोई शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है। जांच अधिकारी राहुल ने बताया कि मृतक की आयु करीब 25 वर्ष है। पुलिस ग्रुप व आसपास के क्षेत्र में मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। शिनाख्त न होने पर 72 घंटे के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जायेगा।

### नपा कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई व फायर के कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर सौंपा हड़ताल का नोटिस

# सफाई व फायर कर्मियों ने फिर किया आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत





सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका कर्मचारी।

अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सफाई व फायर कर्मचारियों ने एक बार फिर से आंदोलन का ऐलान किया है। जिसके तहत सफाई व फायर कर्मचारी नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले 20 व 21 अगस्त को सभी पालिका, परिषद, निगमों व फायर के कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल करेंगे, 10 व 11 सितंबर को प्रदेश के सभी विधायकों को मांगपत्र सौंपेंगे, 26 सितंबर को जिला उपायुक्त कार्यालय पर एक दिवसीय प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के सभी उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपगे तथा 18 अक्तूबर को मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय कुरूक्षेत्र में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इन प्रदर्शनों व हड़ताल का नोटिस सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को नगर निगम सोनीपत के इकाई प्रधान भारत कंडेरा की अध्यक्षता में शहरी स्थानीय निकाय विभाग मंत्री विपुल गोयल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के प्रधान सचिव, शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के महानिदेशक के नाम डीएमसी के माध्यम से सौंपा। इससे पूर्व सफाई कर्मचारियों ने हाथों में काले झंडे लेकर शहर में प्रदर्शन किया तथा धरना देकर सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में रोष भी जताया। इस मौके पर नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रैस सचिव राजीव खत्री ने बताया कि नगर पालिका, परिषद, निगमों व फायर के कर्मचारियों की न्याय उचित मांगें लंबे समय से लंबित है। मांगों के समाधान हेतु संघ लगातार सरकार व विभाग के साथ पत्राचार भी कर रहा है, लेकिन उनकी मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा। यहां तक कि बार-बार समझौता व आश्वासन होने के बावजूद भी उनकी मांगें पूरी नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि सरकार की वायदा खिलाफी से कर्मचारियों में रोष है तथा वे अबकी बार आर-पार की लड़ाई का मन बना चुके है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब भी सरकार नहीं चेती तथा उनकी मांगें पूरी नहीं की तो सफाई कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

### ये रही मांगें

भारत कंडेरा ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ 8 फरवरी को बनाई गई कमेटी में उपायुक्तों के स्थान पर पालिका, परिषद आयुक्त व नगर निगम आयुक्त के नाम शामिल करने व दरोगाओं को पैट्रोल व मोबाईल खर्च देने, अनुबंध कर्मचारियों को वर्दी के स्थान पर वर्दी भत्ता देने, फायर कर्मचारियों के साथ 4 अप्रैल को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के साथ हुई बैठक में लिए गए फैसलों को लागू करने व फायर विभाग के अधिकारियों की अध्यक्षता में बनाई गई कमेटी की सिफारिशों को लागू करने, गुरूग्राम के छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापिस लेने तथा उन्हे कौशल रोजगार निगम में शामिल करने, गुरूग्राम के हड़ताली सभी कर्मचारियों को हड़ताल के दौरान का वेतन देने सहित मांगों को लेकर संघर्षरत्त है। इस अवसर पर कैशियर दिपक बोहोत, विशाल, सननी तिरलोक भारत बोहोत, कमलेश बबीता कांता सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



# फराह को मिला अमिताभ के हाथों से लिखा लेटर

**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक और प्रसिद्ध कोरियोग्राफर फराह खान ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में फराह ने अमिताभ बच्चन के हाथों से लिखा एक लेटर दिखाया, जो उन्हीं के लिए आया है। यह सब तब शुरू हुआ जब फराह, अभिनेत्री राधिका मदान के घर एक व्लॉग की शूटिंग के लिए गईं। वहां उन्होंने राधिका के पास अमिताभ बच्चन का एक फ्रेम किया हुआ हाथों से लिखा पत्र देखा, जिसे देखने के बाद उन्होंने बिग बी से ऐसे ही लेटर की ख्वाहिश जताई थी। फराह को लेटर भेजकर बिग बी ने उनकी यह अधूरी ख्वाहिश पूरी भी कर दी है।

लाइफ Style



# भूमि

## हर किसी की होती है अपनी पसंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंडस्ट्री में फिलर्स, बोटोक्स और सर्जरी को लेकर अक्सर बहस होती है। सितारों को इसे लेकर आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर पर भी सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स ने कॉस्मेटिक सर्जरी करवाने का आरोप लगाए हैं।

हाल ही में सीरीज द रॉयल्स में उनकी उपस्थिति ने आग में घी डालने का काम किया और इंटरनेट यूजर्स ने कथित बोटोक्स और फिलर्स के लिए भूमि को ट्रोल किया। हाल ही में अभिनेत्री ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। भूमि पेडनेकर ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर किसी की अपनी पसंद होती है। हम ऐसे समय में जी रहे हैं, जहां लोगों को अपनी पसंद खुद चुननी चाहिए। मैं कोई नहीं होती, जो लोगों की पसंद पर अपनी कोई राय बना सकूं'।

उन्होंने आगे अपनी डाइट पर चर्चा की। देसी घी उनके नियमित खाने में शामिल होता है। लोग इससे बहुत डरते हैं, लेकिन मेरे खाने में एक चीज जरूर शामिल है और वह है वसा। मैं अपने खाने में घी बहुत ज्यादा लेती हूं। बस फर्क इतना है कि मैं घी में खाना नहीं बनाती। मैं इसे खाने के ऊपर डालकर खाती हूं। इसे अपनी रोटी पर या इडली में डालकर खाएं, यह आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे पहले भूमि अपनी स्किनकेयर से जुड़े टिप्स भी शेयर कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि वे क्लींजिंग, टोनिंग और मॉइस्चराइजिंग (सीटीएम फॉर्मूला) पर भरोसा करती हैं। भले ही उनका शेड्यूल बहुत बिजी हो, वे इसे कभी नहीं छोड़तीं।

हॉलीवुड मसाला




# अवतार-3 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक अवतार के तीसरे पार्ट अवतार 3 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म अवतार का पहला हिस्सा अवतार के नाम से, दूसरा हिस्सा अवतार: द वे ऑफ वाटर के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतार: फायर एंड ऐश' है। अवतार 3 का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपए है। फिल्म को 19 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार 3 के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं।




# द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप की धीमी हुई रफ्तार

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियोज की हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप'ने 5.1 करोड़ रुपए के शानदार कलेक्शन से अपना खाता खोला था। वहीं, चौथे दिन सोमवार को 2 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वीकएंड पर यह फिल्म अच्छा-खासा कलेक्शन करने में कामयाब रही। वहीं, सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई। अमूमन ऐसा होता है कि वीकएंड के बाद फिल्मों की कमाई कम होती है। इस फिल्म ने शनिवार को 7.35 करोड़ रुपए और रविवार को भी 7.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 22.10 करोड़ रुपए हो चुका है। द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप में चार एस्ट्रोनॉट्स की कहानी है, जो एक स्पेस मिशन में हादसे का शिकार होते हैं और फिर सुपरहीरो बन जाते हैं। वह अपनी सुपरपावर से लोगों की जान बचाते हैं।



# आर माधवन के साथ शेयर की तस्वीरें


**मुंबई।** अभिनेत्री फातिमा सना शेख अपनी फिल्म 'आप जैसा कोई' को लेकर सुर्खियों में हैं। फातिमा सना शेख लगातार इसका प्रचार कर रही हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'आप जैसा कोई' की बीटीएस तस्वीरें शेयर कीं हैं और एक नोट लिखा है। उन्होंने अपने सह-कलाकार की तारीफ की है। आर माधवन के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए फातिमा सना शेख ने पोस्ट में लिखा है 'मेरे सबसे पसंदीदा सह-कलाकार। इस पूरे शूट को बहुत आसान बनाने के लिए शुक्रिया। उसके लिए भी शुक्रिया कि आपने हमें हर रोज अम्मा का सांभर मसाला खिलाया और फिलटर कॉफी पिलाई। गुलाब जामुन खिलाने के लिए भी शुक्रिया। आर माधवन आप बहुत अच्छे इंसान हैं।' फातिमा सना शेख की फिल्म 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई।



# भक्तों को फ्री में दिखाई महावतार नरसिम्हा

**मुंबई।** एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने हाल ही में सिनेमाघरों में दस्तक दी है। 25 जुलाई को रिलीज हुई माइथोलॉजिकल एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा खासा प्रदर्शन किया है। ये फिल्म दर्शकों को भगवान विष्णु के अवतार की कथा दर्शाती है। बस इसी के चलते अब इस्कॉन की तरफ से फिल्म को ज्यादा से ज्यादा भक्तों तक पहुंचाने के लिए बड़ी पहल की गई है। इस्कॉन सिलीगुड़ी ने फिल्म को ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिखाने के लिए खास इंतजाम किया है। संस्था ने पूरे सिनेमा हॉल को बुक कर अपने भक्तों के लिए एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया। इस्कॉन के प्रवक्ता नाम कृष्ण दास ने बताया कि ये फिल्म केवल एक मनोरंजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का एक जीवंत संदेश है।

टीवी मसाला




# अनुपमा ने तुलसी के साथ मिलाया हाथ, ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलिविजन इतिहास की सबसे चहेती बहू तुलसी वीरानी की जब से वापसी का ऐलान हुआ है, तभी से ही 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के पुराने दर्शक बेसब्री से शो का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, शो के दूसरे सीजन के पहले प्रोमो के बाद से ही लोग अनुपमा को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसा कहा जा रहा है कि रुपाली गांगुली के शो के मेकर्स को अपनी कुर्सी को लेकर खतरा महसूस होने लगा है। हालांकि चैनल के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो ने सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। वीडियो में रुपाली गांगुली, जो अनुपमा की भूमिका में हैं, स्मृति ईरानी उर्फ तुलसी से वीडियो कॉल के जरिए जुड़ती हैं और उन्हें स्टार परिवार में दोबारा स्वागत करती हैं। दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे से बेहद प्यार भरे ढंग से बात करती नजर आती हैं। अनुपमा रात 10 बजे और क्योंकि 2 रात 10:30 बजे प्रसारित होगा। इस वीडियो को देखने के बाद से ही अब ऐसा लग रहा है कि टीवी की ये दोनों बहुएं एक दूसरे के साथ मिलकर काफी खुश हुई हैं। शो की निर्माता एकता कपूर ने भी इस मामले पर अपनी राय रखते हुए कहा कि ऐसी अफवाहें अनुपमा की लोकप्रियता को कम करने की कोशिश महज हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि रुपाली गांगुली एक बेहतरीन कलाकार हैं और अनुपमा ने पिछले सात वर्षों में जो मुकाम हासिल किया है, वो बेमिसाल है।

## बिग बॉस 19 का हिस्सा नहीं होंगी मल्लिका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान द्वारा होस्ट किया जाने वाला बिग बॉस भारत के सबसे पसंदीदा रियलिटी शो में से एक है। यह शो अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ गया है और इसमें भाग लेने के लिए किन



हस्तियों से संपर्क किया गया है, इस बारे में पहले से ही अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच ये भी खबरें आईं कि बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत भी बिग बॉस 19 में नजर आएंगी। अब शो में हिस्सा लेने पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है और सारी सच्चाई बताई है। एक्ट्रेस ने बिग बॉस से जुड़ी चर्चाओं को खारिज करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए मैं बिग बॉस नहीं कर रही हूं और कभी नहीं करूंगी। धन्यवाद। मल्लिका इससे पहले बिग बॉस 18 के दौरान अपनी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के प्रमोशन के लिए एक गेस्ट के तौर पर शो में आई थीं। हाल ही में बिग बॉस के निर्माताओं ने एक प्रोमो वीडियो के साथ शो के 19वें सीजन की घोषणा की।

# हॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने बॉलीवुड में किया काम

**मुंबई।** बॉलीवुड के कई कलाकार ऐसे हैं जो बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर तय कर चुके हैं। ऐसे ही कई हॉलीवुड कलाकार हैं जिन्होंने बॉलीवुड की फिल्मों में काम किया। इन कलाकारों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड में पहचान बना ली है।

**रे स्टीवेंसन - आरआरआर :** साल 2022 में रिलीज हुई एसएस राजामौली की फिल्म 'आरआरआर' काफी मशहूर रही। इसमें भारत के लोगों का ब्रिटिश अधिकारियों के साथ संघर्ष दिखाया गया है। रे स्टीवेंसन ने फिल्म में गर्वनर स्कॉट का दमदार रोल निभाया था। रे स्टीवेंसन ने हॉलीवुड की फिल्मों 'कोल्ड स्किन', 'बिग गेम' और 'थोर' में काम किया है।

**बेन किंग्सले - तीन पत्ती :** फिल्म तीन पत्ती साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, आर माधवन और कई अभिनेताओं समेत हॉलीवुड के अभिनेता बेन किंग्सले ने भी अदाकारी की थी। उन्होंने हॉलीवुड की फिल्म गांधी, आयरन मैन 3 और ऑपरेशन फिनाले में काम किया है।

**सिल्वेस्टर स्टेलोन - कंबख्त इश्क :** अक्षय कुमार और करीना कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'कंबख्त इश्क' साल 2009 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में हॉलीवुड के अभिनेता



सिल्वेस्टर स्टेलोन ने अभिनय किया है। 1946 को जन्मे अभिनेता ने हॉलीवुड की फिल्म क्रीड, रॉकी और फर्स्ट ब्लड में काम किया है।

**क्लाइव स्टेंडेन - नमस्ते लंदन :** अक्षय कुमार और कैटरीना कैफ की फिल्म नमस्ते लंदन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार देसी व्यक्ति बने हैं तो कैटरीना कैफ भारतीय मूल की विदेशी लड़की बनी हैं। इस फिल्म में क्लाइव स्टेंडेन ने अहम किरदार निभाया है। वह फिल्म में कैटरीना कैफ के बॉयफ्रेंड बनें हैं। उन्होंने हॉलीवुड फिल्मों क्लियर कट, ऐवरेस्ट और पजेशन में काम किया है।

# वो मल्टी-स्टार ब्लॉकबस्टर फिल्म जो छह अवॉड्र्स जीतकर बनी कल्ट

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में अब भले ही दमदार कहानी वाली फिल्में कम ही देखने को मिलती हों, लेकिन एक वक्त था, जब हिंदी सिनेमा ने एक से बढ़कर हिट और कल्ट फिल्में रिलीज हुआ करती थीं। साल 1965 में तो एक ऐसी फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी, जिसने हिंदी सिनेमा में मल्टी-स्टारर फिल्मों का चलन शुरू किया। इस फिल्म ने रिलीज होते ही मेकर्स को मालामाल कर दिया था। साल 1965 में आई इस फिल्म में बलराज साहनी ने लीड रोल निभाया था। फिल्म में दिखाई गई अमीर से गरीब बनने की कहानी को लोगों ने काफी पसंद किया था।इतना ही नहीं, फिल्म की सफलता का कारण इसकी मजबूत कहानी, बेहतरीन एक्टिंग और फिल्म की जान उसका संगीत था। समीक्षकों ने भी इस फिल्म की जमकर सराहना की थी। फिल्म की कहानी और गानों की तो लोग आज भी मिसाल देते हैं।*

## 70 लाख बजट, 6 करोड़ कमाई

साल 1965 में रिलीज हुई इस फिल्म का नाम है 'वक्त'। फिल्म ने रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। फिल्म को लोगों ने इतना पसंद किया था कि फिल्म ऑल-टाइम ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी इस फिल्म को 70 लाख के बजट में तैयार किया गया था। फिल्म ने उस दौर में बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपए की धमाकेदार कमाई की थी। फिल्म की इतनी शानदार कमाई उस दौर के हिसाब से एक बड़ा रिकॉर्ड था। यह फिल्म अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक थी।



## फिल्म ने रच दिया था इतिहास

साल 1965 में आई वक्त में राजकुमार भी नजर आए थे। फिल्म में पहले ये किरदार धर्मेंद्र को ऑफर हुआ था। वहीं, इस रोल के लिए मेकर्स की पहली पसंद थे, लेकिन धर्मेंद्र ने फिल्म में बड़े भाई की भूमिका अदा करने से इनकार कर दिया था। उनकी इस नादानी की वजह से उनके हाथ से एक वक्त जैसी ऐसी फिल्म निकल गई थी, जिसने कई अवॉर्ड जीते। फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में बेस्ट को-स्टार बेस्ट कहानी और बेस्ट गाने जैसे इस फिल्म को कई अवॉर्ड मिले थे। इस फिल्म ने फिल्मफेयर में 6 अवॉर्ड्स हासिल किए थे। आज भी लोग इस फिल्म को देखना पसंद करते हैं।

***रईस आदमी झेलता है गरीबी :*** बता दें कि साल 1965 में रिलीज हुई बलराना साहनी की इस फिल्म में जिस तरह रईस आदमी गरीबी झेलता है, ये देख लोग थिएटर में फूट फूटकर रोए थे कि वक्त को कुछ पता नहीं, कब किसकी जिंदगी कैसे बदल जाए।यह फिल्म आज भी क्लासिक सिनेमा के लिए शानदार उदाहरण है और हर पीढ़ी के लोग इसे देखना पसंद करते हैं।

## कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई, तो कुछ का है सिर्फ नाम का लेना-देना

# अगस्त में आएगी सीक्वल्स की बहार, दर्शकों पर चलेगा इनका जादू!

*नई दिल्ली। अगले महीने हिंदी सिनेमा की चार बड़ी फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। ये फिल्में हैं वॉर 2, सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2 और अंदाज 2। ये सभी सीक्वल हैं। कुछ की कहानी पिछली फिल्म से जुड़ी हुई है तो कुछ का सिर्फ नाम का लेना-देना है। अगस्त महीने में एक के बाद एक रिलीज होने जा रहीं चार सीक्वल फिल्मों को देखते हुए हर किसी के मन में एक सवाल तो बनता है। क्या ऐसे सीक्वल्स दर्शकों के दिल में उतरते हैं या यह सिर्फ एक सुरक्षित ट्रेड फॉर्मूला बन चुका है?*

## फिल्म का नाम देखकर टिकट नहीं बिकती: सुमित काडेल

इस बारे में सुमित काडेल ने अपनी राय देते हुए कहा, 'सीक्वल का ट्रेंड नया नहीं है। मुन्ना भाई, धूम, हेरा फेरी, कृष और वेलकम जैसी फिल्मों की अगली कड़ियां पहले भी दर्शकों को पसंद आई हैं, लेकिन हर फिल्म को यह सौभाग्य नहीं मिलता। एक सीक्वल तभी काम करता है, जब उसकी पहली किस्त दर्शकों की यादों में गहराई से बसी हो। अगर ऐसा जुड़ाव नहीं है, तो केवल नाम या ब्रांड से कोई फिल्म नहीं चलती। आज का ऑडियंस समझदार है; वो सिर्फ टाइटल देखकर टिकट नहीं खरीदते।

## धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 में से सफल कौन?

सुमित का मानना है कि धड़क 2 और सन ऑफ सरदार 2 की सफलता को लेकर संशय है। उनका कहना है, धड़क को थिएटर में सीमित प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म ने असली लोकप्रियता टीवी और ओटीटी पर पाई थी। अब इसका सीक्वल नए डायरेक्टर और नई कास्ट के साथ आ रहा है, जिससे इसकी स्टार वैल्यू कमजोर है वहीं, सन ऑफ सरदार का पहला भाग ही औसत था, जिसे ऑडियंस ने खास पसंद नहीं किया। ऐसे में इसका सीक्वल बनाना एक जबरदस्ती का फैसला लगता है, न कि ऑडियंस के लिए का।





**नई फिल्म यानी नया जोखिम :** अतुल आगे कहते हैं, 'नई फिल्म बनाना ऐसा होता है जैसे कोई नई दुनिया तैयार करना, जिसमें काफी जोखिम होता है। वहीं, फ्रेंचाइजी फिल्में पहले से आजमाई हुई होती हैं, जिस पर निवेशक और अभिनेता दोनों को भरोसा होता है। यही वजह है कि ज्यादातर मेकर्स इस फॉर्मूले को सुरक्षित मानते हैं। हालांकि, जो क्रिएटिव है वो रिस्क लेने से नहीं डरते।'

## सीक्वल से बना भरोसा, मगर सबके लिए नहीं: अतुल मोहन

सीक्वल्स की सफलता और उस पर बढ़ती निर्भरता पर बात करते हुए ट्रेड एक्सपर्ट अतुल मोहन कहते हैं, 'इस बात में कोई दो राय नहीं कि कई फिल्मों के सीक्वल्स ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। जब कोई फिल्म हिट होती है, तो उसके साथ एक ब्रांड बन जाता है और ऑडियंस को यह अंदाजा होता है कि उन्हें क्या देखने को मिलेगा। हालांकि, अब माहौल बदल गया है। आजकल अभिनेता उन्हीं चीजों से जुड़े रहना चाहते हैं जो पहले काम कर चुकी हैं, ताकि उनके करियर पर बुरा असर न पड़े।'

## अंदाज 2 नाम वही कहानी बिल्कुल नई- सुनील दर्शन

*सुनील मानते हैं कि अंदाज 2 एक नई कहानी है, जो पहली फिल्म के इमोशंस को नए ढंग से दिखाती है। उन्होंने कहा, मेरी फिल्म एक फ्रेश और ओरिजिनल स्क्रिप्ट पर आधारित है। इसे अंदाज का सीधा सीक्वल नहीं, बल्कि उसी एहसास को नए तरीके से पेश करने वाली एक ताजा कहानी कहा जा सकता है। मैंने उस फिल्म की स्पिरिट को कैरी किया है, जैसे ट्रायंगल लव स्टोरी, कुछ पुराने जज्बात। यह फिल्म पूरी तरह से नई है और सिर्फ फिल्म के पुराने नाम से इसे जोड़ना मेरा उद्देश्य नहीं था। मैं नाम के सहारे फिल्म नहीं बनाता। जरूरी है कि फिल्म का नाम और कहानी एक-दूसरे से मेल खाते हों।*

## खबर संक्षेप

### पीलिया गंभीर बीमारी सावधानी बरतें लोग

**गोहाना।** भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कालेज, खानपुर कलां में मंगलवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर मेडिसन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेडिसन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नवतेज सिंह व डॉ. सोनिका लाम्बा ने हेपेटाइटिस रोग के इलाज व बचाव से सम्बधित आवश्यक जानकारी दी।

### सफाई कर्मियों का काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन

**गोहाना।** नप कार्यालय परिसर में मंगलवार को सफाई कर्मचारियों की नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही सरकार पर मांगों को लागू न करने पर काले बिल्ले लगाकर कार्यालय समेत शहर में प्रदर्शन भी किया। बीरमती, सुनीता, नन्हीं देवी, कृष्णा, जयभगवान, कृष्ण व शैलेंद्र ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं।

### नैन बने जाट संसद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ.विजयपाल नैन को जाट समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित संगठन अंतरराष्ट्रीय जाट संसद का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष परमेश्वर कलवानिया ने समाज व शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

### जल निकासी के समाधान के लिए आग्रह किया

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर अनेक दुकानों के सामने जल भराव की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों ने नगर पालिका सचिव पंकज जून को ज्ञापन देकर पानी निकासी के समाधान के लिए आग्रह किया है। दुकानदारों का कहना है कि दिल्ली चौक से लेकर दिल्ली बाईपास तक मार्ग पर जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। और तो और बिना बारिश के भी जल भराव की समस्या रहती है।

### पोस्टर लगा प्रकृति संरक्षण के लिए जागरूक किया

**गोहाना।** ग्राम सुधार समिति खन्दराई द्वारा विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर गांव की गलियों में दीवारों पर पोस्टर लगाकर और रैली निकालकर ग्रामीणों को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने बारे जागरूक किया। समिति के संस्थापक अध्यक्ष जगमहेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमारे लिए प्राकृतिक संसाधनों को बचाकर रखा जिनका आज हम अपने जीवन में उपयोग कर रहे हैं।

### सड़क निर्माण में लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप

**सोनीपत।** म्हारा से पुरखास सड़क की खस्ता हालत और लगातार हो रही दुर्घटनाओं के विरोध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में लोगों ने अनोखे अंदाज में गड्ढों में बैठकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क निर्माण में लापरवाही और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। संजय बड़वासनिया ने कहा कि यह सड़क महज दो वर्ष पहले तैयार की गई थी।

## विधायक निखिल मदान ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# 178 करोड़ रुपये से नागरिक अस्पताल का होगा कायाकल्प

### परिसर में बनने वाली एमसीएच विंग का किया दौरा

निर्माण कार्य करवाने वाले विभाग के अधिकारियों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी के साथ विधायक ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विधायक निखिल मदान ने मंगलवार को सोनीपत के सामान्य अस्पताल का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और आने वाले समय में अस्पताल को मिलने वाली आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। उनके साथ सीएमओ डॉ. ज्योत्सना, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता पंकज गौड़, सहित अस्पताल और विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक ने बताया कि अस्पताल परिसर में 138 करोड़ रुपये की लागत से एक नई एमसीएच बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा, जिसकी टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। यह 100 बेड की वातानुकूलित बिल्डिंग कुल 8 मंजिला (बेसमेंट सहित) होगी, जिसमें चार ऑपरेशन थिएटर, एनआईसीयू, एसएनसीयू और कंगारू मदर केयर यूनिट जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में हरियाणा में इस प्रकार की एमसीएच बिल्डिंग केवल चार स्थानों पर ही हैं, और अब सोनीपत भी इस सूची में शामिल होगा। नागरिक अस्पताल की सड़कें भी सीसी से बनाई जाएंगी, जिसके लिए 1.18 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। साथ ही, विधायक ने बताया कि पिछले दौरे में शौचालयों की खराब स्थिति को देखते हुए 66 लाख रुपये की लागत से उनके नवीनीकरण और मरम्मत का कार्य शुरू किया जा रहा है। वहीं मरीजों और तीमारदारों के लिए 6.45 करोड़ की लागत से एक विश्राम सराय के निर्माण का भी प्रस्ताव पास हो चुका है। इसके अतिरिक्त, पूरे अस्पताल भवन की मरम्मत हेतु 3.80 करोड़ रुपये का विस्तृत प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है। विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्वीकृति दिलाई जाएगी।





**सोनीपत।** जगह का निरीक्षण व बैठक करते स्वास्थ्य अधिकारी व विधायक।

**ये रहे मौजूद**

विधायक मदान ने बताया कि अस्पताल में नया सीएमओ कार्यालय 27 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया जारी है। साथ ही, अस्पताल की छत की मरम्मत के लिए 25 लाख रुपये का बजट भी निर्धारित किया गया है। इस मौके पर डॉ. संदीप लठवाल, डॉ. गिन्नी लांबा, डॉ. अनीता, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ दिलबाग मेहरा और कुलदीप वत्स सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एसडीएम को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



एसडीएम प्रवेश कादियान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपते संस्था के पदाधिकारी।

गांधी नगर गन्नौर के नागरिकों व विकास परिषद् दलित जन जागरूक संस्था द्वारा ने अपने क्षेत्र में श्मशान घाट बनवाने की मांग को लेकर एसडीएम प्रवेश कादियान को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में वार्ड नंबर 1, 15, 16 व 17 की मांग पर नगर पालिका गन्नौर के अंतर्गत गांधी नगर में श्मशान घाट के लिए जमीन आवंटित की जाए। ज्ञापन में बताया कि गांधी नगर क्षेत्र में कोई श्मशान घाट न होने के कारण मृत व्यक्तियों का अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों को 2 से 3 किलोमीटर दूर बादशाही रोड़ पर जनता स्कूल के पास जाना पड़ता है। इससे न केवल असुविधा होती है, बल्कि कई बार बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है जो अत्यंत पीड़ादायक होता है। गांधी नगर के पास नगर पालिका की खाली भूमि उपलब्ध है, जिस पर श्मशान घाट का निर्माण कराया जा सकता है। नागरिकों ने मुख्यमंत्री से मांग करते कहा कि मूलभूत सुविधा की तरफ जल्दी ध्यान देते हुए उनकी मांग को पूरा करवाया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष आरके चोपड़ा, रामपाल, सतपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।



बाल अधिकारों के संरक्षण की शपथ दिलाते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### बाल अधिकारों का संरक्षण जरूरी

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बाल कल्याण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक राजेश कुमार ने की और संयोजन प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने किया। बच्चों ने बाल अधिकार संरक्षण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा एवं मांगे राम रहे। मीना शर्मा ने कहा कि बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बाल अधिकारों का संरक्षण अति आवश्यक है। बाल अधिकार सुनिश्चित करते हैं कि बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण मिले। बाल अधिकारों का संरक्षण न केवल बच्चों के लिए अपितु पूरे समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

### श्रद्धांजलिः महाराजा दक्ष प्रजापति को किया नमन

**गोहाना।** शहर से सिविल रोड स्थित बैकवर्ड नेता हवा सिंह वर्मा के कार्यालय में मंगलवार को प्रजापति समाज के प्रबुद्धजीवियों ने महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई। समारोह में महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया गया। समाज के लोगों ने बीती 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित हुए राज्य स्तरीय महाराज दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में सरकार द्वारा प्रजापति समाज को गांवों में पांच एकड़ जमीन देने के निर्णय पर सीएम नायब सिंह सैनी व कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा का आभार भी जताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व नगर पार्षद नन्हाराम ने कहा कि महाराज दक्ष प्रजापति सृष्टि के महान सृजनकर्ता, यज्ञ के प्रवर्तक और धर्म के संरक्षक थे। उनका जीवन संस्कार, त्याग और सत्य का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सद्मार्ग दिखाया और यज्ञ, तप व धर्म के माध्यम से मानवता को उच्च आदर्शों से जोड़ा। रामभगत फौजी, उमर सिंह बेडवाल, राममेहर धुरान, डॉ. सुनील प्रजापति, नरेश प्रजापति, हवा सिंह वर्मा, रामकुमार प्रजापति, रमेश प्रजापति, डॉ. रमेश, बबलू, मास्टर रामफल शामड़ी मौजूद रहे।

### पचपन बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण

**सोनीपत।** जिला सोनीपत में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन शिविर के दूसरे दिन कुल 55 दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। यह शिविर नागरिक अस्पताल सोनीपत परिसर में किया जा रहा है। जिला अतिरिक्त उपायुक्त एवं चेयरपर्सन समग्र शिक्षा सोनीपत के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अस्पताल परिसर में चल रहे शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ज्योत्सना, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वराज एवं जिला परियोजना संयोजक सुजाता खत्री उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत पौधारोपण कर किया गया। मेडिकल असेसमेंट में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया, जिसमें ईएनटी विशेषज्ञ डा. प्रदीप लाकड़ा, डा. पूनम, फिजिशियन डा. राकेश कुमार, डा. मीनाक्षी मान, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विपिन दलाल, डा. दीपक मलिक, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डा. सुमन हुड्डा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. शैलेन्द्र राणा, डा. विकास आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** संयोजक को पौधा भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते शिक्षकगण।

### कविता वाचन प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** मंगलवार को महम रोड पर गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई।। प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता की अध्यक्षता स्कूल के एमडी राजबीर राठी ने की। संयोजन स्कूल के शिक्षा निदेशक महेंद्र पाराशर और प्राचार्या नीतू आर्या का रहा। अंग्रेजी कविता वाचन प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए शिशु वर्ग, कनिष्ठ और वरिष्ठ इन वर्गों में सम्पन्न हुई। शिशु वर्ग में यूरेनस सदन से रूपांशी प्रथम, अर्थ सदन से लावण्या द्वितीय और मार्स सदन से मनन तृतीय स्थान पर रहे। कनिष्ठ वर्ग में जुपिटर सदन से दक्ष और मार्स सदन से सोनाक्षी प्रथम, यूरेनस सदन से रिद्धि द्वितीय और अर्थ सदन से लक्ष्य तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग से अर्थ सदन से मुकुंद प्रथम, यूरेनस सदन से श्रुतित द्वितीय और मार्स सदन से भूमि तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका संगीता मुंजाल व पवन यादव ने निभाई।

### पंद्रह फलदार व छायादार पौधे लगाए

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन द्वारा शहीद भगत सिंह पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि इस मुहिम के तहत 15 फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पेड़ों के बिना धरती पर जीवन की कल्पना संभव नहीं है। बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय हरियाली है। उन्होंने कहा कि वन ही जीवन हैं और हमें आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी प्रवक्ता पूर्ण सिंह, कर्मवीर हुड्डा, प्रिंस, होशियारी, प्रिंस सतपाल दहिया, नायशा, अर्जुन, हर्ष, सोनू सहित कई बाल पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।



**सोनीपत।** अभियान के दौरान पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि



**खरखौदा।** वरिष्ठ नागरिकों की जांच करते स्वास्थ्य कर्मी

### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

**खरखौदा ।** उपमंडल के गांव झरोठी में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वंदना योजना कार्ड, आभा आईडी कार्ड एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र नागरिकों के नाम दर्ज कर निःशुल्क कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य शिविर का संचालन जिला सोनीपत की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी प्रियंका मित्तल, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री विजयपाल पांचाल, एमपीएचडब्ल्यू रेखा, रजनी, दीपक तथा आशा वर्कर्स की उपस्थिति एवं देखरेख में किया गया। शिविर में कुल 52 स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। साथ ही, उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित उपयोगी जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा।



**सोनीपत।** लोगों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कार्यक्रम में दी कानूनी जानकारी

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत प्रचेता सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण(डीएलएसए) द्वारा चलाई जाने वाली कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक करने व कानूनी सेवा कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्य से जिला के गांवों में 31 जुलाई तक ट्रैवलर वैन टी-26 चलाई जा रही है। मोबाइल वन को जिला व सत्र न्यायधीश गोपाल शर्मा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रचेता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया कि मंगलवार को झरोठ(खरखौदा) झरोठी (खरखौदा) में ट्रैवलर वैन टी-26 के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सहायता, विधवा प्रकोष्ठ के माध्यम से सभी प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए एकल खिड़की प्रणाली, स्थायी लोक अदालत, लोक अदालत के लाभ, दैनिक लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत, नालसा स्कीम से संबंधित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को मंडोरा (खरखौदा), मंडोरी(खरखौदा), 31 जुलाई को ताजपुर, तिहाड़ खुर्द में पहुंचकर ग्रामीणों को कानूनी सेवाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# खो-खो के पदक विजेताओं का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

कल्पना चावला विद्यापीठ की खो-खो अंडर -19 (लड़कों) की टीम ने सीबीएसई क्लस्टर 15 में कांस्य पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय पहुंचने पर विजेताओं का भव्य स्वागत किया गया। मंच का संचालन अध्यापिका शीतल द्वारा किया गया। विजेता विद्यार्थियों और दोनों प्रशिक्षकों का तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन अटेली मंडी, महेंद्रगढ़ के राव नेतराम पब्लिक स्कूल में हुआ था। उक्त प्रतियोगिता 26 से 28 जुलाई आयोजित की गई थी। जिसमें 11 विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया था। कल्पना चावला विद्यापीठ की टीम ने उम्दा खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। विजेता खिलाड़ियों आशु , सावन, योगेश, पंकज, कार्तिक, तक्ष्य, ओजस्य, रोहित, आरव व जयेश को सम्मानित किया गया। प्राचार्या ऊषा वत्स ने सभी विजयी विद्यार्थियों व उनके प्रशिक्षकों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि इसी तरह भविष्य में विद्यार्थी अपने विद्यालय, गांव और माता-पिता का नाम रोशन करते रहे।



**खरखौदा।** विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि



**गोहाना।** प्रतियोगिता में विजेता घोषित विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

### आयुष, तमन्ना व वैभव रहे विजेता

**गोहाना।** शहर के गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन विद्यालय के प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों की अंग्रेजी भाषा में निज-परिचय प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। मार्गदर्शन विद्यालय की प्रबंधक कृष्णा शर्मा का रहा। संयुक्त अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। प्रतियोगिता में कक्षा पहली से आयुष व विधि, कक्षा दूसरी से तमन्ना व नव्या, कक्षा तीसरी से वैभव शर्मा व अक्षत, कक्षा चौथी से दक्ष सांगवान व माही तथा कक्षा पांचवीं से वंशिका व ईशान विजेता रहे। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। निर्णायक मंडल में सीमा रानी, प्रीति यादव, नितिन, प्रिया शर्मा, सोनिया शर्मा, वीनू सरोहा, रितु, नीलम वर्मा व तनु रानी शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने विजेता एवं उप विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने परिवार, निवास स्थान व विद्यालय आदि से संबंधित पूर्ण ज्ञान होना चाहिए ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में वह अपनी सही जानकारी का उपयोग कर सके।

**कार्यक्रम** लिटल एंजल्स इनक्लूसिव स्कूल में मनाया वृक्षारोपण एवं सम्मान समारोह

# विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया

अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व फूल मालाएं पहनाकर उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लिटल एंजल्स इनक्लूसिव स्कूल, सोनीपत में हर वर्ष की तरह वृक्षारोपण पर्व बड़े उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों से सजाया गया। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ, डॉ. जितेन्द्र सिंह, जिला बाल कल्याण अधिकारी आरती, डॉ. दीपमाला मित्तल, अनीता मदान अध्यक्ष, मंजू चुघ, प्रधानाचार्या आशा गोयल, प्रधानाचार्या सोनिया अरोड़ा, एडमिन ऑफिसर विवेक कुमार व स्कूल के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई और सभी अतिथियों का स्वागत स्कूल प्रशासन द्वारा प्लांटर देकर किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसकी सभी ने तालियां बजाकर भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर बच्चों को पौधे वितरित किए गए और उन्हें पर्यावरण के प्रति सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के होनहार खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए भी सम्मानित किया गया। स्पेशल ओलम्पिक भारत द्वारा आयोजित टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप (चंडीगढ़) में ख्वाहिश व यशिका ने स्वर्ण और हितेश व पार्थ ने रजत पदक और स्टेट लेवल बोची गेम्स (गुरुग्राम) में अरमान मलिक ने स्वर्ण, वंश ने रजत व रूद्राक्षी ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व फूल मालाएं पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों के अभिभावक बहुत ही खुश थे। उन्होनें इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रशासन व शिक्षकों को दिया।




**सोनीपत।** कार्यक्रम में पहुंचें अतिथियों का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ी के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### ताइक्वांडो में पलक ने जीता रजत

**सोनीपत।** अस्मिता खेलो इंडिया ताइक्वांडो महिला लीग 2025 का आयोजन 25 जुलाई 2025 से 27 जुलाई 2025 तक कुरुक्षेत्र में किया गया, जिसमें जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की कक्षा बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक शर्मा पुत्री विमल कुमार ने 67 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता और अस्मिता खेलो इंडिया महिला लीग 2025 के राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। पलक शर्मा की इस कामयाबी पर संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परूथी ने भी पलक को बधाई दी। महाविद्यालय की प्राचार्य मंजुला स्पाह और स्टाफ ने पलक का स्वागत किया और शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त कि पलक शर्मा नेशनल स्तर पर भी विद्यालय का नाम रोशन करेगी। अस्मिता सिटी ताइक्वांडो लीग का उद्देश्य बेटियों को आत्मरक्षा, आत्मविश्वास और खेल भावना से सशक्त बनाना था। लीग में सैकड़ों बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। यह लीग अस्मिता पहल के तहत आयोजित की जा रही है।

**खबर संक्षेप**



## शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**सोनीपत।** भारत विकास परिषद सोनीपत शाखा द्वारा आज में शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन ऋषिकुल विद्यापीठ सोनीपत में किया गया। जिसमें 15 विद्यालयों ने कनिष्ठ एवं वरिष्ठ प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें कनिष्ठ वर्ग में शिवा शिक्षा सदन सोनीपत एवं नवयुग स्कूल ने संयुक्त रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी और तृतीय स्थान हिन्दू विद्यापीठ स्कूल ने हासिल किया। वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान हिन्दू विद्यापीठ, द्वितीय स्थान शिवा शिक्षा सदन और तृतीय स्थान हिन्दू सीनियर सेकेंडरी, कोर्ट रोड ने हासिल किया।

## आशा वर्करों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू



**सोनीपत।** पटेल नगर, सिक्का कॉलोनी, मोहन नगर, जीवन नगर, रूप नगर, कैलाश कॉलोनी, भगतपुरा और तारा नगर सहित आस-पास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पटेल नगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आशा वर्करों की नियुक्ति प्रक्रिया के तहत आज इंटरव्यू आयोजित किए गए। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा ने पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा, संगीता देवेंद्र सैनी, आदि के साथ मिलकर उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया।

## नागपंचमी पर भक्तों ने चढ़ाए चांदी के नाग-नागिन



**सोनीपत।** नागपंचमी के पावन अवसर पर नरेंद्र नगर स्थित शिवमंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दिन श्रद्धालुओं ने भगवान शिव और नाग देवताओं की विधिवत पूजा की और मंदिर परिसर भक्तिभाव से गूंज उठा। शिवमंदिर सुधार समिति के आचार्य मनमोहन मिश्रा और विजय वर्मा ने बताया कि सुबह से ही भक्तों का मंदिर में आना शुरू हो गया था। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, फूल और चांदी के नाग-नागिन के जोड़े अर्पित किए।

## बुजुर्ग महिला ट्रेन की चपेट में आई, मौत

**सोनीपत।** दिल्ली-अंबाला रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं फिर सवालों के घेरे में

# एलएफटी व केएफटी की जांच बंद, मरीजों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले के नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। बीते चार दिनों से लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी) और किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी) की जांच बंद है, जिससे सैकड़ों मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जांच में प्रयोग होने वाली आवश्यक सामग्री खत्म हो जाने के कारण परेशानी बढ़ गई है। प्रबंधन की तरफ से जल्द से जल्द सामान उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया है। ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि जिला नागरिक अस्पताल में हर रोज करीब 2200 मरीजों की ओपीडी संख्या है। वहीं हर रोज 200 से 250 मरीज एलएफटी और केएफटी जांच के लिए पहुंचते हैं। लेकिन जांच सेवा बंद होने के कारण डॉक्टर द्वारा तत्काल जांच की सलाह पाने वाले मरीजों को मजबूरन निजी लैब में महंगी दरों पर परीक्षण करवाना पड़ रहा है, जिससे उनके ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। जिला नागरिक अस्पताल में इस तरह की समस्या कई बार सामने आई है। इससे पहले भी एक्स-रे मशीन के बंद रहने, दवाइयों की अनुपलब्धता और अन्य तकनीकी खामियों की शिकायत आती रही हैं। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधाओं की स्थिति अक्सर दयनीय रहती है, जिससे उन्हें बार-बार निजी विकल्पों की ओर रुख करना पड़ता है।




**सोनीपत।** लैब के बाहर जांच के लिए खड़े मरीज। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यालय को भेजी सामग्री की डिमांड

सामग्री खत्म होने की सूचना मिलते ही मुख्यालय को डिमांड भेज दी गई थी। बहुत जल्द सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी और दोनों जांच फिर से शुरू कर दी जाएंगी। मरीजों की सुविधा के लिए प्रबंधन की तरफ से हर संभव जरूरी कदम उठाने का कार्य समय पर किया जाता है। जल्द समस्या को दूर कर दिया जायेगा।

*-डा. संदीप लठवाल, मीडिया प्रभारी नागरिक अस्पताल*

निजी लैब में एलएफटी और केएफटी जांच का खर्च 800 से 1500 रुपये तक होता है। गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए यह खर्च वहन करना कठिन हो जाता है। मरीजों का कहना है कि समय पर सामग्री का स्टॉक न करना प्रशासन की सीधी लापरवाही को दर्शाता है।

## गांव नाहरी में स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से हुई अनदेखी पर ग्रामीणों में रोष

- जिला प्रशासन से की न्याय की मांग
- नाहरी गांव के लोगों ने उपायुक्त को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

गांव नाहरी के युवक ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के सम्मान में हो रही अनदेखी के खिलाफ आवाज उठाते हुए उपायुक्त को शिकायत दी और विधायक कृष्णा गहलावत, पंचायत मंत्री को भी शिकायत भेजी। शिकायत में आरोप लगाया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिन स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को सम्मानित किया जाना था, उनमें से नाम संबंधित अधिकारियों द्वारा जानबूझकर नजरअंदाज कर दिए गए। इसके अलावा गांव के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारत वर्ष की आजादी के उपलक्ष्य में वर्ष 2023 में हरियाणा सरकार द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के नाम अमृत महोत्सव पट्ट पर अंकित करने का निर्णय लिया गया था। आरोप है कि पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए 15 स्वतंत्रता सेनानियों में से केवल 4 के ही नाम पट्ट पर अंकित कराए गए, जबकि शेष 11 स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों की उपेक्षा की गई। यह स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों के सम्मान को ठेस पहुँचाने वाली है। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व सैनिक पदम सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन से लिखित में शिकायत की है और दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों व ग्राम प्रधान पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, उन्होंने सभी स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के नाम अमृत महोत्सव पट्ट पर समान रूप से अंकित कराने की गुहार लगाई है।




**राई।** अमृत महोत्सव पट्ट जिस पर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के नाम लिखवाने की मांग उठाई है।

## सैयांखेड़ा गांव से खाली प्लाट में खड़ी गाड़ी चोरी



**गन्नौर।** सीसीटीवी में कैछ हुए ईको गाड़ी को चोरी कर ले जाते हुए चोर।

**गन्नौर।** बीती रात गांव सैया खेड़ा में घर के पास खाली प्लाट में खड़ी ईकों गाड़ी चोरी हो गई। चोरी की शिकायत गाड़ी मालिक ने डायल 112 व गन्नौर थाना पुलिस को दी। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ। पुलिस गाड़ी की तलाश में लगी है। चोरी करके गाड़ी को ले जाते हुए चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। पुलिस को दी शिकायत में जोगेन्द्र ने बताया कि बीती रात उन्होंने अपनी इको गाड़ी एचआर42ई-4083 को हमेशा की तरह अपने खाली पड़े प्लाट में रात को खड़ा किया था, सुबह जब वह प्लाट पर पहुंचे तो गाड़ी वहां से गायब थी। गाड़ी की आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नही चल पाया। शिकायत में जोगेन्द्र ने बताया कि चोरी हुई अपनी ईकों गाड़ी को रात लगभग 12 बजकर 46 मिनट पर माइनर के पास जाती हुई देखी गई थी, अनुमान है कि अज्ञात चोरों ने देर रात इस घटना को अंजाम दिया। गाड़ी मालिक जोगिन्द्र ने पुलिस से मांग की कि उनकी चोरी हुई गाड़ी का जल्दी सुराग लगाया जाए।

## शहीदों की याद में विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

- बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में मनाया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस बड़े ही गर्व, सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया गया। वीर शहीदों की याद में आयोजित कार्यक्रम ने सभी को भावविभोर कर दिया। स्कूल परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया और वातावरण में देश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना महसूस हुई। कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई, शहीदों की वीरता, त्याग और बलिदान को याद करते हुए बच्चों ने कई प्रस्तुतियाँ दीं जो दर्शकों के हृदय को छू गईं। सातवीं के छात्रों ने एक शानदार देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने मंच पर जोश और उत्साह का संचार किया। वहीं कक्षा छठी के विद्यार्थियों ने एक मार्मिक देशभक्ति गीत गाकर समां बाँध दिया। प्रधानाचार्य जयभारत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि यह हमें हमेशा यह याद दिलाता है कि हमारे सैनिकों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।




**गन्नौर।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बाल भवन स्कूल के छात्र।

## हर समाज को जोड़ने के उद्देश्य से बनेगी चौपाल: विधायक

- हसनपुर और बड़ी गांव को मिली विकास कार्यों की सौगात, चौपाल और सामुदायिक भवनों का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने हसनपुर और बड़ी गांव में विकास कार्यों की नींव रखी। हसनपुर में तीन समाजों की चौपाल और एक बारात घर का शिलान्यास किया। बड़ी गांव में भी सामुदायिक भवन के निर्माण की शुरुआत की। इन सभी कार्यों पर करीब 1.20 करोड़ रुपए खर्च होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत नारियल तोड़कर की गई। ग्रामीणों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। विकास कार्यों के लिए विधायक का आभार जताया। विधायक कादियान ने कहा कि हर गांव तक विकास पहुंचाना उनका लक्ष्य है। हर समाज को जोड़ना उनका उद्देश्य है। चौपाल और सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक कार्यक्रमों और बैठकों के लिए बेहतर स्थान मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। जब तक लोगों का साथ रहेगा, विकास नहीं रुकेगा। इस मौके पर पौधरोपण भी किया गया। विधायक ने कहा कि गांवों को हरा-भरा और साफ-सुथरा बनाना सबकी जिम्मेदारी है। युवाओं से अपील की कि एक पौधा लगाएं और उसका ध्यान रखें। ग्रामीणों ने विधायक की सराहना की।



**गन्नौर।** बड़ी से सरपंच प्रतिनिधि अरुण त्यागी विधायक देवेंद्र कादियान का गांव में पहुंचने पर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हसनपुर से सरपंच प्रतिनिधि कर्मबीर आंतिल, नरेश, भाना, चांद पूर्व सरपंच, बड़ी से सरपंच प्रतिनिधि अरुण त्यागी, अंकुर, अभिषेक, आशू, मनोज रंगा, संजय, सत्यवान सहित कई लोग मौजूद रहे।



**सोनीपत।** गली निर्माण का जायजा लेने पहुंचें मेयर राजीव जैन।

## वार्ड 16 में घटिया गली निर्माण पर मेयर ने जताई नाराजगी, दोबारा निर्माण के दिए निर्देश

**सोनीपत।** वार्ड नंबर 16 स्थित कबीर भवन के पास गली निर्माण में अनियमितता की शिकायत मिलने पर नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गली का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन पहले से ही कई स्थानों पर सड़क धंस चुकी है और स्पोर्ट के लिए बनाया गया बीम भी टूट चुका है।

मेयर ने मौके पर नगर निगम के सब डिवीजन ऑफिसर सोमबीर व कनिष्ठ अभियंता अमित पवार को बुलाकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में रोड़ी का बेस ठीक से नहीं डाला गया और न ही लेवल का ध्यान रखा गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब शुरुआत में ही ये हालत है तो सड़क कितने दिन टिकेगी? राजीव जैन ने मौके से ही सड़क की खुदाई करवाई, जिसमें यह स्पष्ट हुआ कि रोड़ी नाम मात्र डाली गई है और कुटाई भी नहीं की गई। उन्होंने निगम आयुक्त को नोट लिखकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही गली को पूरी तरह उखाड़कर दोबारा निर्माण के आदेश भी दिए।

## झमाझम बारिश से मौसम खुशगवार

### उमस से राहत लेकिन जलभराव बना मुसीबत

- दो-तीन दिनों तक बारिश का दौर जारी रहने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपतवासियों को सोमवार सुबह उस समय बड़ी राहत मिली जब देर रात की बूंदाबांदी के बाद सुबह से ही रुक-रुक कर झमाझम बारिश शुरू हो गई। गर्मी और उमस से बेहाल लोगों ने खुलकर राहत की सांस ली। हवाओं में घुली ठंडक और आसमान में छाए घने बादलों ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है, जिसकी वजह से दो-तीन दिनों तक बारिश का दौर यूं ही जारी रहने की संभावना है। बीते कुछ दिनों से पड़ रही कड़ी धूप और लगातार बनी उमस ने जनजीवन को बेहाल कर दिया था, लेकिन सोमवार की बारिश ने पूरे माहौल को ही बदल दिया।

हालांकि मौसम की यह मेहरबानी शहर के लिए कुछ समस्याएं भी लेकर आई। बारिश शुरू होते ही शहर की कई सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। मॉडल टाउन, रेलवे रोड, सेक्टर-15 और रामनगर जैसे इलाकों में पानी जमा होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर निगम की टीमों ने जलनिकासी के लिए मोटरें लगाकर पानी निकालने की कोशिश की, लेकिन कई जगह घंटों तक पानी भरा रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि आने वाले दिनों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ ठंडी हवाएं भी चलेंगी। इससे तापमान में गिरावट बनी रहेगी और मौसम सुहावना रहेगा।



**सोनीपत।** वेस्ट रामनगर में जलभराव से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

## औद्योगिक क्षेत्र में दो साल से बदहाल बिजली आपूर्ति से बंद होने की कगार पर पहुंचे उद्योग

- एसोसिएशन ने केंद्रीय विद्युत मंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिख कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बदहाल बिजली आपूर्ति से उद्योगपति लंबे समय से परेशान हैं। वह लगातार बिजली निगम से सुदृढ़ व्यवस्था करने की मांग कर करते आ रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस संबंध में एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा था, लेकिन इस पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब एसोसिएशन ने फिर से पत्र भेज कर केंद्रीय विद्युत मंत्री व मुख्यमंत्री से ठोस कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि पिछले दो वर्षों से बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती, लो वोल्टेज और अनियमित आपूर्ति जैसी गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं। इससे उत्पादन में रुकावट आ रही है, आर्डर समय पर पूरे नहीं हो पा रहे और उद्योगों की लागत भी बढ़ रही है। कई इकाइयां या तो बंद होने की कगार पर हैं या अपना काम दूसरी जगह शिफ्ट करने को मजबूर हो रही हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक और महासचिव हरप्रीत सिंह ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों को कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। यदि बिजली आपूर्ति की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो इसका असर न केवल औद्योगिक उत्पादन पर पड़ेगा बल्कि रोजगार और निर्यात जैसे क्षेत्रों पर भी नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने कहा कि एसोएसिशन द्वारा विद्युत निगम के अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था दुरूस्त किए जाने की मांग की है।

## दीप्ति ने यूजीसी नेट परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता

**गन्नौर।** शिक्षा के क्षेत्र में नाम रौशन करते हुए राजलू गढ़ी गांव की दीप्ति पुत्री मुनीराम ने यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता हासिल कर गांव का नाम रौशन किया है। दीप्ति असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएच.डी. एडमिशन के लिए पात्रता प्राप्त की है। मेधावी छात्रा दीप्ति ने इस सफलता का श्रेय भक्त फूलसिंह महिला विश्वविद्यालय की वाईस चांसलर प्रो. डा. सुदेश व अपने पिता व मां सुनीता को दिया। उन्होंने बताया कि खानपुर विश्वविद्यालय से ला की पढ़ाई पूरी होने के बाद उन्होंने नेट की परीक्षा दी और अपने विषय में 92.73 प्रतिशताइल स्कोर हासिल किया। यह परीक्षा देशभर में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में सहायक प्राध्यापक नियुक्ति एवं जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) के लिए आयोजित की जाती है। देश से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भाग लेते हैं। दीप्ति ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। दीप्ति ने अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर अध्ययन से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। दीप्ति के माता-पिता ने कहा कि इस उपलब्धि न केवल खुशी है बल्कि बेटियों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत है।



दीप्ति राजलू गढ़ी की छात्रा।

**आदेश** सड़क सुरक्षा को लेकर कोई समझौता न करें अधिकारी, अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई

### उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक में दिए निर्देश

# जीटी रोड पर लगाए गए सीमेंट बैरिकेड को तुरंत हटवाएं एनएचएआई अधिकारी : उपायुक्त

- जिला में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सड़क सुरक्षा को लेकर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने एनएचएआई के अधिकारियों को मानव सुरक्षा के मद्देनजर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा जीटी रोड़ के एग्जिट तथा एंट्री प्वाईट पर लगाए गए सीमेंट बैरिकेड को अगले तीन दिन में उठवाना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन सीमेंट बैरिकेड के जगह प्लास्टिक बैरिकेड रखवाएं जाए ताकि किसी सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति इनसे टकराता है तो उसकी जान बच सके। उपायुक्त सुशील सारवान ने मंगलवार को लघु सचिवालय में सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

### अवैध कटों को तुरंत बंद करने के निर्देश

उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारी कोई समझौता न करें क्योंकि अगर सडक़ सुरक्षा को लेकर कहीं भी कोई कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सोनीपत जिला प्रशासन सडक़ सुरक्षा को लेकर पूरी सतर्क है और मानव सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन सड़क सुरक्षा के मद्देनजर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिला के जिस भी स्थान पर ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही है तो उसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाकर उसे दूर करने का कार्य करें ताकि भविष्य में वहां कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा नेशनल हाइवे पर बने अवैध कटों को तुरंत बंद करवाएं क्योंकि अवैध कट कई बार दुर्घटना का कारण बनते हैं।

### सड़क सुरक्षा समाज की सामुहिक जिम्मेदारी

डीसी ने कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक विभाग को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की पालना करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी नीति के तहत स्कूल बसों की चैकिंग करें ताकि कही भी नियमों की अनदेखी न हो। उन्होंने एसएमडीए व डीटीपी को निर्देश जिला में कहीं भी अवैध कालोनी व अन्य अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए अगर इस प्रकार की कहीं से सूचना मिलती है तो उसपर तुरंत कार्रवाई करें और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर करवाएं। इस मौके पर एडीसी लक्षित सरीन, एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, एसएमडीए से नरेश कुमार, डीटीपी अजमेर सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।